Communal Organisations

;i645. SHRI PAWAN KUMAR BANSAL: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a)' whether it has come to the notice of the Central Government that some new communal organisations have sprung up recently in different parts of the country;

(b) if so, what are the names thereof and whether they are receiving assistance from abroad;

(c) whether some inflammatory literature (tending to create disturbances) published by such organisations/groups has been seized; and

(d) if so, what further action has been taken in the matter?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. CHIDAMBARAM): (a) No such organisation has come to the notice of the Government recently.

(b) to (d) Do not arise.

दक्षिण जिला, दिल्ली पुलिस के सहायक पुलिस आयुक्त के विरुद्ध आरोप

3646. **श्री रामसिंहभाई पातलीयाभाई राठवा** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्हें प्रधान मंत्री को संबोधित, दिनांक 14 मार्च, 1988 के पत्र की प्रति प्राप्त हुई है जिसमें दक्षिण जिला, दिल्ली पुलिस के सहायक पुलिस आयक्त के विरूद्ध, जो आतंकवाद-विरोधी सेल के प्रभारी हैं, गंभीर आरोप लगाए गए हैं ; और

(ख) यदि हां, तो उस पत्र का ब्यौरा क्या है और उस पर क्या कार्यवाही की गई है तथा उसके परिणाम क्या हैं ?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम) : (क) जी हां, श्रीमन् ।

(ख) यह आरोप लगाया गया है कि सहायक पुलिस आयुक्त, वसंत बिहार, ने लगभग डेढ़ महीने पहले दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था और उनमें से एक व्यक्ति की पुलिस हिरासत में पुलिस स्टेशन, वसंत कुंज में मृत्यु हो गई थी। जांच-पड़ताल की जा रही है । अभी तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है । जिससे आरोपों की पुष्टि हो जाए ।

नई दिल्ली में पुलिस की यातना के कारण कथित मृत्यु

3647. **श्री रामसिंहभाई पातलीयाभाई राठव** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि लगभग डेढ़ महीना पहले पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गये तो युवकों में से बलबीर नामक एक युवक की पुलिस द्वारा दी गयी यातना के कारण मृत्य हो गयी थी और वसन्त कुंज पुलिस थाने से संबद्ध पुलिस कर्मियों ने 3 मार्च, 1988 की रात को उसके शव को गुपचुप ढंग से पंजाब सीमा पर फेंक दिया था;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि सहायक आयुक्त पुलिस, वसन्त बिहार ने इन युवकों को उत्तम नगर/तिलक नगर/विकास पुरी से पकड़ा था; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और उन युवकों के विरुद्ध क्या आरोप थे तथा मृतक के निकटतम संबंधी को कितना मुआवजा अदा किया गया है ?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम) : (क) से (ग) यह आरोप लगाया गया है कि सहायक पुलिस आयुक्त, वसंत बिहार, ने लगभग डेढ महीने पहले दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था और